भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2438**
उत्तर देने की तारीख-04/08/2025

**आईआईटी में सीटों की संख्या में वृद्धि**

**†2438. श्री ई. तुकाराम:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार की देशभर में मौजूदा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) में सीटों की संख्या बढ़ाने कि मंशा है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) निर्धारित समय-सीमा के तहत कितनी सीटें बढ़ाए जाने का प्रस्ताव है और अवसंरचना और संकाय क्षमता में वृद्धि करने के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं; और
(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(डॉ. सुकान्त मजूमदार)**

(क) से (घ): बजट भाषण 2025-26 में, वर्ष 2014 के बाद शुरू किए गए पांच आईआईटी में अतिरिक्त 6,500 छात्रों के लिए शिक्षा को सुगम बनाने हेतु अतिरिक्त अवसंरचना निर्माण करने की घोषणा की गई है। तदनुसार, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मई, 2025 में आयोजित अपनी बैठक में 11,828.79 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय के साथ आंध्र प्रदेश (आईआईटी तिरुपति), केरल (आईआईटी पलक्कड़), छत्तीसगढ़ (आईआईटी भिलाई), जम्मू और कश्मीर (आईआईटी जम्मू) और कर्नाटक (आईआईटी धारवाड़) राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में पांच नए आईआईटी के अनुसंधान पार्क के निर्माण सहित शैक्षणिक और अवसंरचना क्षमता के विस्तार को स्वीकृति दी है।

उपरोक्त के अलावा, सरकार ने हाल ही में उच्चतर शिक्षा वित्तपोषण एजेंसी (एचईएफए) के माध्यम से आईआईटी जोधपुर, आईआईटी पटना और आईआईटी इंदौर के लिए शैक्षणिक और छात्रावास अवसंरचना विस्तार और अनुसंधान पार्क के विकास के लिए कुल 1942 करोड़ रुपये की राशि अनुमोदित की है।

आईआईटी नवाचार और आलोचनात्मक सोच की संस्कृति को बढ़ावा देने वाली अत्याधुनिक शैक्षिक कार्यक्रम और विश्वस्तरीय अवसंरचना प्रदान करते हैं। अनुसंधान, इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी, प्रबंधन और उद्यमिता के क्षेत्र में अग्रणी पूर्व छात्रों के लिए विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त, आईआईटी ने वैश्विक स्तर पर उल्लेखनीय प्रभाव डाला है।

*****